# Activity

## Second Alumni Meet:

All the members were informed telephonically and through other students coming from same area. It was decided to organize online alumni meet on 06/09/2021. Mr. Rajesh Khera(Deputy Director DIC Bhiwani, Charkhi Dadri) were the chief guest of online alumni meet, who informed the students about the various employment schemes. About 76 students attended meet where they shared their views regarding facilities available in their current college where they were pursuing higher studies. They also shared their experiences at this college where they were treated well and were given full opportunity to develop their skills. Under the headship of Principal Dr. Anita Tanwar, meet was successfully organized.

## Follow-up:

1. As per demand of the students, college requested HEC to provide funds for installation of smart classrooms.
2. College demand grant from HEC for organizing industrial tour.

Thanx & Good Luck

Hoping to see you soon in next meeting with some new faces

**Baijnath Chaudhary Government College For Women, Nangal Chaudhary**
**Kotputli Road, Nangal Chaudhary-123023, Distt.-Mahendergarh, Haryana**
**Contact No.: 01282-278554, Email: gcwnch@gmail.com, Website: bcgcwnch.edu.in**

दिनांक 06/09/21

## प्रेस नोट

B.C.G.C.W. Nangal Choudhary

आज दिनांक 06/09/2021 को महाविद्यालय में प्राचार्या महोदया डॉ० अनीता तंवर की अध्यक्षता में ऑनलाइन एलुमनी मीट का आयोजन किया गया। आज के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि व वक्ता के तौर पर उद्योग एवं वाणिज्य विभाग हरियाणा के उपनिदेशक राजेश कुमार खेड़ा जी रहे। उन्होंने महाविद्यालय की पूर्व छात्राओं को कैरियर से संबंधित जानकारी देते हुए बताया कि ~~आज~~ वर्तमान समय में विभिन्न सरकारी विभागों एवं निजी सेक्टरों में रोजगार के बहुत से अवसर उपलब्ध हैं; सिर्फ हमें जागरूक रहने की जरूरत है। उन्होंने आवेदन प्रक्रिया से संबंधित पूर्व छात्राओं के द्वारा पूछे गए प्रश्नों के भी जवाब दिए। इस दौरान महाविद्यालय की पूर्व छात्राओं ने भी अपने अनुभव साझा किए तथा वर्तमान छात्राओं ने कैरियर से संबंधित जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर कार्यक्रम का मंच संचालन Zoology विभाग की प्रवक्ता श्रीमती संतोष यादव ने किया तथा यह समस्त कार्यक्रम एलुमनी मीट के इंचार्ज श्रीरमन जी की देख-रेख में सम्पन्न हुआ। इस दौरान महाविद्यालय के समस्त स्टाफ सदस्यों ने कार्यक्रम में अपनी सहभागिता निभाई।

Anita Tanwar
प्राचार्या
B.C.G.W. Nangal Choudhary

**Baijnath Chaudhary Government College For Women, Nangal Chaudhary**
**Kotputli Road, Nangal Chaudhary-123023, Distt.-Mahendergarh, Haryana**
**Contact No.: 01282-278554, Email: gcwnch@gmail.com, Website: bcgcwnch.edu.in**

दैनिक भास्कर नारनौल भास्कर 06-09-2021

## नांगल चौधरी के गर्ल्स कॉलेज में एलुमनी मीट आज होगी

भास्कर न्यूज | नांगल चौधरी

चौधरी बैजनाथ महिला महाविद्यालय में प्राचार्या डॉ. अनिता तंवर की अगुवाई में एलुमनी मीट कार्यक्रम होगा। ऑनलाइन मीट कार्यक्रम में उद्योग एवं कॉमर्स विभाग के उप-निदेशक राजेश कुमार छात्राओं को रोजगार संबंधी जानकारी देंगे।

प्रोग्राम इंचार्ज रमन यादव ने बताया कि कॉलेज की पढ़ाई पूरी करने के बाद विद्यार्थियों को रोजगार की चिंता रहती है। ग्रामीण छात्राओं को विभिन्न विभाग या निजी सेक्टरों में उपलब्ध रोजगार की सूचना नहीं मिल पाती। जिन्हें सूचना मिल जाती है, उन्हें आवेदन प्रकिया मालूम नहीं होती। उनकी सुविधा के लिए विभाग ने एलुमनी मीट कार्यक्रम क्रियान्वित किया है। नांगल चौधरी गर्ल्स कॉलेज में सोमवार सुबह 11 बजे ऑनलाइन मीट शुरू होगी ।

जिसमें प्रदेश में उपलब्ध रोजगार तथा पूरी प्रक्रिया से अवगत कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि इच्छुक छात्राएं मीट इंचार्ज रमन यादव से मोबाइल नंबर 9728324432 पर संपर्क करके ऑनलाइन मीट का लिंक हासिल कर सकती हैं।

## पूर्व छात्राओं को रोजगार की दी जाएगी जानकारी

नांगल चौधरी : स्थानीय महिला महाविद्यालय में सोमवार को प्रात: ग्यारह बजे गुगल मीट के माध्यम से आनलाइन एलुमनी मीट का आयोजन किया जा रहा है। इसकी जानकारी देते हुए महाविद्यालय में एलुमनी इंचार्ज रमन यादव ने बताया कि मीट के मुख्य वक्ता उद्योग और वाणिज्य विभाग हरियाणा के उप निदेशक राजेश कुमार खेड़ा होंगे। इस मीट के दौरान सभी पूर्व छात्राएं कैरियर से संबंधित कोई भी प्रश्न राजेश कुमार खेड़ा से पूछ सकती हैं।(संस)

दैनिक भास्कर नारनौल भास्कर 07-09-2021

ऑनलाइन एलुमनी मीट • कॉलेज पासआउट युवाओं का किया मार्गदर्शन

# निजी सेक्टर में रोजगार की कमी नहीं

भास्कर न्यूज़ | नांगल चौधरी

चौधरी बैजनाथ गर्ल्स कॉलेज में ऑनलाइन एलुमनी मीट प्राचार्या डॉ. अनिता तंवर की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के उप-निदेशक राजेश कुमार खेड़ा ने छात्राओं को रोजगार संबंधी जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि सरकारी नौकरियों के लिए युवाओं में मारामारी स्थिति बनी हुई है, लेकिन सभी आवेदकों को सरकारी जॉब संभव नहीं हो सकती। दूसरी ओर निजी सेक्टर में रोजगार के अवसर निरंतर बढ़ रहे हैं। कंपनियों में वेतन भी कम नहीं होता, लेकिन इसके लिए युवाओं को योग्यता का विस्तार करना होगा। शुरुआत छोटी जॉब से करना गलत नहीं होता, क्योंकि अनुभव के साथ जॉब का दायरा और वेतन बढ़ता जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार ने स्थानीय उद्योगों में 75 फीसदी रोजगार स्थानीय युवाओं के लिए निर्धारित कर दिए हैं। साथ ही स्कूल व कॉलेज स्तर पर रोजगारोन्मुखी शिक्षा का प्रबंध किया गया है। छात्राओं को ब्यूटीशियन, सिलाई व अन्य तकनीक फील्ड में रुझान बढ़ाने की जरूरत है। इसके बाद छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर समझाए गए। कहा कि विषम परिस्थितियों में अपनी सुरक्षा स्वयं करने की क्षमता प्रत्येक छात्रा में होनी चाहिए। इस मौके पर मंच का संचालन जीव विज्ञान की एचओडी संतोष यादव ने किया। कार्यक्रम के इंचार्ज रमन यादव ने छात्राओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया है।